## खास-खबरें

### मंत्री राकेश सिंह ने किए महाकाल के दर्शन



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, उज्जैन :** प्रदेश के लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह ने परिवार के साथ गुरुवार को उज्जैन पहुंचकर भगवान महाकालेश्वर के दर्शन लाभ लिए। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि मैंने देश की खुशहाली की प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश और देश लगातार आगे बढ़ रहा है। सनातन धर्म का मैं पालन करता हूँ,मेरा सौभाग्य है कि मध्यप्रदेश में जन्म हुआ। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से इंजीनियर शिवकांत पांडे द्वारा मंत्री राकेश सिंह का स्वागत एवं सत्कार किया गया।

### कन्या महाविद्यालय में विश्व साइकिल दिवस के उपलक्ष्य में अनेक कार्यक्रम संपन्न



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, विदिशा :** विश्व साइकिल दिवस के उपलक्ष्य में मेरा युवा भारत विदिशा द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के समन्वय से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एक भव्य जागरूकता साइकिल रैली निकाली गई, जिसमें छात्राओं, शिक्षकों एवं स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा साइकिल के महत्व पर आधारित नुक्कड़ नाटक (स्किट) भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी. डी. अहिरवार ने युवाओं से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और पर्यावरण संरक्षण में अपनी जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। डॉ. शांता अहिरवार (एनएसएस समन्वयक), श्रीमती आकांक्षा माहावेरिया (उप निदेशक, मेरा युवा भारत) तथा डॉ. विनीता प्रजापति (एनसीसी प्रभारी) ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए साइकिल को स्वास्थ्य, पर्यावरण और सामाजिक जागरूकता का प्रभावी माध्यम बताया।

### क्रीड़ा अधिकारी डॉ. पुरोहित को दी विदाई



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, पीथमपुर :** स्थानीय शासकीय महाविद्यालय पीथमपुर में पदस्थ मिलनसार एवं कर्मठ क्रीड़ा अधिकारी डॉ. दीपेश पुरोहित के स्थानांतरण पर महाविद्यालय परिवार द्वारा एक भव्य एवं भावुक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के प्राचार्य डॉ विनोद खत्री ने की। अनुशासन और खेल प्रतिभा के धनी रहे डॉ. पुरोहित के विदाई समारोह को संबोधित करते हुए प्राचार्य ने भावुकता से कहा कि, 'डॉ. दीपेश पुरोहित ने अपने कार्यकाल के दौरान महाविद्यालय के खेल विभाग को नई ऊंचाइयों पर पहुँचाया है । उन्होंने न केवल खेल को प्रोत्साहन दिया बल्कि अनुशासन और खेल भावना का जो पाठ पढ़ाया, वह आने वाले समय में विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा।' प्राचार्य ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें एक कुशल मार्गदर्शक बताया ।

### कराटे खिलाड़ी राजश्री ने काठमांडू में जीता सोना



**सीहोर।** शहर के होनहार कराटे खिलाड़ियों ने नेपाल में आयोजित माउंट एवरेस्ट इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। होनहार कराटे खिलाड़ी राजश्री कौशल ने स्वर्ण पदक जीता है। खिलाड़ियों ने अपने प्रतिद्वंदियों को हराकर स्वर्ण पदक जीता है। परिजनों शिक्षकों और सीनियर खिलाड़ियों ने रेलवे स्टेशन पहुंचकर विजेता खिलाड़ियों का ढोल धमाकों के साथ फूल माला पहनकर स्वागत किया।

काठमांडू में 29 से 31 मई तक आयोजित 12वीं माउंट एवरेस्ट इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में सीहोर की निंजा फ्यूजन मार्शल आर्ट्स अकादमी के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया।

# खरसानिया में स्वच्छता कार्य पर सवाल, 45 हजार भुगतान को लेकर ग्रामीणों ने लगाए गंभीर आरोप

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदाः** जनपद पंचायत भैरूंदा की ग्राम पंचायत खरसानिया में स्वच्छता कार्य के नाम पर किए गए 45 हजार रुपये के भुगतान को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि पंचायत द्वारा केवल औपचारिक सफाई कर पूरे गांव की नालियों की सफाई का दावा करते हुए राशि का भुगतान निकाल लिया गया, जबकि जमीनी स्थिति आज भी गंदगी और जलभराव की समस्या से जूझ रही है।



ग्रामीणों के अनुसार गांव में लंबे समय से नालियों की सफाई की मांग की जा रही थी, लेकिन केवल सीमित क्षेत्रों में ही सफाई कार्य कराया गया। आरोप है कि इसी अधूरे कार्य को पूरे गांव की सफाई दर्शाकर भुगतान किया गया। ग्रामीणों का कहना है कि कार्य में केवल दो सफाईकर्मी और एक ट्रैक्टर-ट्रॉली का उपयोग किया गया, जिससे पूरे गांव की सफाई का दावा संदिग्ध प्रतीत होता है।

गांव में कई स्थानों पर नालियां कचरे से भरी मिलीं और सड़कों पर गंदा पानी बहता नजर आया। जल निकासी व्यवस्था खराब होने के कारण ग्रामीणों, विशेषकर बच्चों को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आंगनवाड़ी केंद्र जाने वाले बच्चों को भी गंदे पानी और कीचड़ से होकर गुजरना पड़ता है।

पंचायत भवन परिसर में भी गंदगी और जलभराव की स्थिति पाई गई। भवन के अंदर साफ-सफाई की कमी और शौचालय की खराब स्थिति ने व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। इसके अलावा परिसर में स्थित खुले कुएं को लेकर भी ग्रामीणों ने सुरक्षा की चिंता जताई है।

ग्रामीण अंकित पंवार ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि एक दिन में दो सफाईकर्मियों द्वारा पूरे गांव की सफाई संभव नहीं है। वहीं पंचायत सरपंच सीताराम इवने ने कहा कि सड़क स्तर और जल निकासी की तकनीकी समस्याओं के कारण जलभराव की स्थिति बनी रहती है तथा नियमित सफाई कराई जाती है। जनपद पंचायत भैरूंदा के सीईओ संजय अग्रवाल ने बताया कि मामले की जांच के निर्देश दे दिए गए हैं और संबंधित लोगों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों की नजर अब जांच प्रक्रिया और कार्रवाई पर टिकी हुई है।

# कलेक्टर ने बैठक में योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर दिया जोर




**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशाः** जिले में केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सलाहकार समिति (डीएलसीसी) की बैठक संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों, विभागीय अधिकारियों तथा संबंधित एजेंसियों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर श्री गुप्ता ने सभी बैंकर्स को निर्देश दिए कि केंद्र एवं राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को बिना किसी अनावश्यक परेशानी के ऋण एवं वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाए। कलेक्टर ने कहा कि हितग्राहियों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए तथा ऋण स्वीकृति और वितरण की प्रक्रिया को सरल एवं पारदर्शी बनाया जाए। बैठक में कलेक्टर श्री गुप्ता ने बैंकों के वेल्यूअर्स (मूल्यांकनकर्ताओं) की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए, ताकि ऋण संबंधी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता बनी रहे। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के अंतर्गत संचालित कार्यों की गहन समीक्षा करते हुए बैंकर्स को पात्र आवेदकों को शीघ्र ऋण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

# जम्मू वाले महाराज को शीतल ने भेंट की स्वनिर्मित पेंटिंग

**नईदुनिया प्रतिनिधि, बरेलीः** ग्राम जमगढ़ की प्रतिभाशाली युवती कुमारी शीतल शर्मा ने अपनी कला, श्रद्धा और समर्पण का परिचय देते हुए बापौली धाम में तपस्यारत परम पूज्य गुरुदेव जम्मू वाले महाराज की आकर्षक एवं जीवंत पेंटिंग बनाकर उन्हें सादर भेंट की। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं और संतजनों ने उनकी कलात्मक प्रतिभा की सराहना की।



बताया जाता है कि शीतल शर्मा को बचपन से ही चित्रकला में विशेष रुचि रही है। उन्होंने अपनी कला साधना और आध्यात्मिक भावनाओं को जोड़ते हुए गुरुदेव की दिव्य छवि को अत्यंत सजीव रूप में चित्रित किया। पेंटिंग में गुरुदेव के तेजस्वी व्यक्तित्व और आध्यात्मिक आभा को प्रभावशाली ढंग से उकेरा गया, जिसे देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए।

बापौली धाम में पेंटिंग भेंट किए जाने के दौरान गुरुदेव ने शीतल शर्मा को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि कला ईश्वर की अनुपम देन है और जब इसका उपयोग समाज तथा आध्यात्मिक मूल्यों के प्रसार में होता है, तो इसका महत्व और भी बढ़ जाता है। स्थानीय श्रद्धालुओं ने कहा कि वर्तमान समय में युवाओं का इस प्रकार का आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समर्पण प्रेरणादायक है। शीतल शर्मा ने अपनी इस कला के माध्यम से न केवल प्रतिभा का प्रदर्शन किया, बल्कि गुरु भक्ति और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति आस्था भी प्रकट की है। ग्राम जमगढ़ आसपास के क्षेत्रों में इस उपलब्धि की सराहना हो रही है।

### लाल बाबा के जन्मोत्सव पर उमड़े श्रद्धालु

**बरेली।** बरेली तहसील स्थित आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण बापौलीधाम में बुधवार को जम्बू बाले लाल बाबा जी का जन्मोत्सव धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ श्रद्धा और उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में अनुयायी और श्रद्धालु बापौलीधाम पहुंचे और कार्यक्रम में भाग लिया। जन्मोत्सव के दौरान बाबा जी की विधिवत आरती उतारी गई तथा फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मौजूद श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से सहभागिता की। बाल ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार भी किया गया, जिससे पूरा वातावरण आध्यात्मिक और भक्तिमय हो गया। स्थानीय श्रद्धालुओं के अनुसार जम्बू बाले लाल बाबा जी पिछले लगभग 15 वर्षों से बापौलीधाम में साधनारत हैं और इस अवधि में वे धाम परिसर से बाहर नहीं निकले हैं। उनके जन्मोत्सव पर न केवल बरेली, बल्कि प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से भी भक्त बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

# उज्जैन में श्रद्धालुओं से भरी टवेरा पलटी, 9 घायल मंदिर के महंत ने राहत कार्य में संभाली कमान

**नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैनः** उज्जैन में ऋणमुक्तेश्वर मंदिर से भर्तहरी गुफा की ओर जा रही आंध्र प्रदेश के श्रद्धालुओं से भरी टवेरा गुरुवार को अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में 9 श्रद्धालु घायल हो गए, जिनमें महिलाएं और बुजुर्ग शामिल हैं। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और कई यात्री वाहन में फंस गए।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टवेरा वाहन घाट क्षेत्र में अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के बाद कुछ श्रद्धालु वाहन के नीचे दब गए, जिन्हें स्थानीय लोगों और मंदिर प्रबंधन की मदद से बाहर निकाला गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू कर घायलों को सुरक्षित बाहर निकाला।

घटना के बाद ऋणमुक्तेश्वर मंदिर के महंत महावीरनाथ महाराज और उनके सहयोगियों ने राहत एवं बचाव कार्य में सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने वाहन में फंसे श्रद्धालुओं को बाहर निकालने में मदद की और घायलों को प्राथमिक सहायता उपलब्ध कराई। सूचना मिलते ही एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। घायल श्रद्धालु आंध्र प्रदेश के रहने वाले बताए जा रहे हैं, जो उज्जैन दर्शन के लिए आए थे।

### घाट निर्माण क्षेत्र में हादसा, जांच शुरू

जानकारी के अनुसार हादसा उस स्थान पर हुआ जहां घाट निर्माण का कार्य चल रहा है। एक ओर निर्माण कार्य और दूसरी ओर दीवार होने के कारण वाहन का संतुलन बिगड़ने से वह घाट की ओर पलट गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जानकारी में चालक के नशे में होने की आशंका भी जताई जा रही है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही दुर्घटना के वास्तविक कारण स्पष्ट होंगे।

# भू-बैकुंठ बद्रीनाथ में गूंज रही भागवत रसधारा, भव्य कलश यात्रा के साथ कथा महोत्सव का शुभारंभ

**नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदाः** हिमालय की गोद में स्थित श्री बद्रीनाथ धाम में सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ किया गया। इस धार्मिक आयोजन में नगर सहित विभिन्न जिलों से सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए।



अलकनंदा नदी के पावन तट से प्रारंभ हुई कलश यात्रा भक्ति गीतों, जयकारों और धार्मिक उत्साह के बीच मुख्य बाजार से होते हुए कथा स्थल तक पहुंची। पूरे धाम क्षेत्र में भक्तिरस और आध्यात्मिक वातावरण का संचार देखने को मिला।

कथा का आयोजन इंदौर निवासी कांजी भाई अग्रवाल एवं श्रीमती संतोष अग्रवाल के सान्निध्य में किया जा रहा है। प्रथम दिवस कथा व्यास पंडित देवेन्द्र भार्गव ने बद्रीनाथ धाम की महिमा का वर्णन करते हुए इसे 'भू-वैकुंठ' बताया।

उन्होंने कहा कि यह धाम भगवान विष्णु की तपस्थली है, जहां किया गया जप, तप और दर्शन विशेष पुण्य प्रदान करते हैं।

उन्होंने अलकनंदा नदी को शास्त्रों में वर्णित दिव्य धारा बताते हुए कहा कि यह क्षेत्र नारायण पर्वत, नीलकंठ पर्वत और ऋषियों की तपस्थली से घिरा हुआ है। कथा में यजमान हितेश अग्रवाल एवं श्रीमती दीपाली अग्रवाल सहित अनेक श्रद्धालु परिवार शामिल रहे। इंदौर, पुणे, मुंबई, भोपाल, गंजबासौदा, ब्यावरा एवं राजगढ़ सहित विभिन्न स्थानों से पहुंचे भक्तजन कथा का श्रवण कर रहे हैं। आयोजन समिति के अनुसार 9 जून तक चलने वाले इस भागवत ज्ञान यज्ञ में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेकर भक्ति और आध्यात्मिक अनुभव का लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

### खेतों में मूंग अवशेष जलाने से बढ़ा प्रदूषण

**भैरूंदा।** तहसील क्षेत्र में इन दिनों खेतों में फसल अवशेष जलाने की घटनाएं बढ़ने से पर्यावरण और जनस्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ रहा है। मूंग की फसल कटाई के बाद बड़ी संख्या में किसान खेतों में बचे अवशेषों को आग के हवाले कर रहे हैं, जिससे शाम ढलते ही कई गांवों और मुख्य मार्गों के आसपास धुएं का घना गुबार फैल जाता है। स्थानीय लोगों के अनुसार शाम के समय एक साथ कई स्थानों पर खेतों में आग लगाए जाने से पूरा क्षेत्र धुएं की चादर में ढक जाता है, जिससे राहगीरों और ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि धुएं के कारण सांस लेने में दिक्कत, आंखों में जलन, खांसी और एलर्जी जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। विशेषकर बुजुर्ग, बच्चे और दमा के मरीज अधिक प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि प्रशासन को जानकारी होने के बावजूद अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है।

# संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने हड़ताल के तीसरे दिन समाधान की अपील की



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों का प्रदेशव्यापी आंदोलन जारी है। हड़ताल के तीसरे दिन जिले के कर्मचारियों ने भगवान श्रीराम और बजरंगबली की आराधना करते हुए सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया।

गुरुवार को शहर के टाउन हाल स्थित धरना स्थल पर बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा जनवरी 2026 की गई घोषणा पर अमल नहीं कर रहे अधिकारियों के लिए सद्बुद्धि के लिए आयोजन किया गया। कर्मचारियों ने यह आयोजन मुख्यमंत्री द्वारा पूर्व में संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों को 'हनुमान की उपमा दिए जाने और उनकी निष्ठा, समर्पण एवं सेवाभाव की सराहना को याद करते हुए किया।

उनका उद्देश्य शासन-प्रशासन को सद्बुद्धि प्राप्त होने तथा वर्षों से लंबित न्यायोचित मांगों का शीघ्र निराकरण होने के लिए सामूहिक प्रार्थना करना था। इस कार्यक्रम में जिले भर से बड़ी संख्या में संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित रहे। जिसमें कर्मचारियों ने प्रदेश सरकार से संविदा कर्मियों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील और सकारात्मक समाधान की अपेक्षा जताई। संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन किसी व्यक्ति, अधिकारी या विभाग के विरुद्ध नहीं है।

# राजस्व प्रकरणों और सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में तेजी लाने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

**नईदुनिया प्रतिनिधि, रायसेनः** कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में राजस्व प्रकरणों, सीएम हेल्पलाइन शिकायतों, लोक सेवा गारंटी तथा अन्य विभागीय कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों का अंतिम निराकरण कर समयबद्ध आदेश जारी किए जाएं तथा राजस्व रिकॉर्ड में आवश्यक अद्यतन सुनिश्चित किया जाए।



बैठक में सीएम हेल्पलाइन एवं लोक सेवा गारंटी के लंबित मामलों को समयसीमा के भीतर निराकृत करने पर जोर दिया गया। कलेक्टर ने संबल योजना के पंजीयन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उनके शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। साथ ही पीएम श्रमयोगी मानधन योजना के अंतर्गत लक्ष्य के अनुरूप पंजीयन बढ़ाने पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। कलेक्टर ने कहा कि जिले में निर्धारित 6 हजार पंजीयन लक्ष्य के मुकाबले वर्तमान में कम प्रगति है, जिसे तेजी से बढ़ाने की आवश्यकता है। इसके लिए सीएमओ और संबंधित अधिकारियों को अधिक से अधिक श्रमिकों का पंजीयन कराने तथा एसडीएम को सतत मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में धारणाधिकार प्रकरणों, ई-विकास टोकन प्रणाली और पेयजल वितरण व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। इसके साथ ही 5 जून से प्रारंभ हो रहे पौधरोपण अभियान और जनकल्याण शिविरों के आयोजन को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने 21 जून को आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिले में सामूहिक योग कार्यक्रमों के आयोजन की तैयारियों की भी समीक्षा की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे, जबकि विकासखंड स्तर के अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में जुड़े।

# क्रमोन्नति वेतनमान के लिए प्रांतीय शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** प्रांतीय शिक्षक संघ, जिला सीहोर द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी के नाम सहायक संचालक सलोनी शर्मा को ज्ञापन सौंपकर शिक्षकों की विभिन्न लंबित मांगों के शीघ्र निराकरण की मांग की गई। ज्ञापन में प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षक संवर्ग के लिए क्रमोन्नति वेतनमान के आदेश जारी करने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई है।



संघ के जिलाध्यक्ष संजय सक्सेना ने बताया कि सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा नवीन शिक्षक संवर्ग को क्रमोन्नति वेतनमान का लाभ दिए जाने के निर्देश हैं तथा प्रदेश के कई जिलों में इसका लाभ शिक्षकों को मिल चुका है। इसके बावजूद सीहोर जिले में अनेक शिक्षक अभी भी इस लाभ से वंचित हैं। ज्ञापन में वर्ष 2014 में नियुक्त उन लोक सेवकों को, जिन्होंने 12 वर्ष एवं 24 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली है। क्रमोन्नति वेतनमान का लाभ प्रदान करने तथा वर्ष 2013 में नियुक्त शेष शिक्षकों के प्रकरणों का भी शीघ्र निराकरण करने की मांग की गई है। इसके अतिरिक्त संघ ने आगामी शैक्षणिक सत्र 8 जून 2026 से प्रारंभ होने के मद्देनजर भीषण गर्मी को देखते हुए जून माह में विद्यालयों का संचालन प्रातः 7 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक किए जाने की मांग की है। संघ का कहना है कि इससे विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को गर्मी से राहत मिलेगी तथा शिक्षक छात्र संख्या वृद्धि के लिए पालकों से संपर्क कार्य भी सुगमता से कर सकेंगे।

प्रांतीय शिक्षक संघ ने जिला शिक्षा अधिकारी से शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के हित में उक्त मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

ज्ञापन देने वालों में प्रांतीय शिक्षक मीडिया प्रभारी प्रदीप नागिया, बलराम पंवार, हेमंत मालवीय, माधव यादव, नरेश मेवाड़ा,राजेश चौहान,, जीवन परमार, संजय जाट , विक्रम मालवीय, धर्मेंद्र पवार, पूनम इटावदिया,तपस्या मालवीय, मंजू राठौर, सुषुम्ना दुबे, प्रीति रैकवार, मीनाक्षी कसौटिया,प्रीतम चौहान, कमलेश देवलिया, ओमप्रकाश भावसार, प्रेम सिंह, प्रमोद रावल, लोकेश कोली, मान सिंह नागलिया, सुभाल सिंह मालवीय, मुकेश देवलिया, इमरान खान , मेहरबान सिंह केसरिया, सानू कलमोर, अर्जुन सिंह ठाकुर, कल्याण सिंह ठाकुर, प्रदीप राठौर, यशपाल बघेल, दीपिका बेस, , त्रिलोक बागवान,जगदीश सेन, नीरज विश्वकर्मा , विष्णु प्रसाद खुराना, कुमैर सिंह, किरण सेन ,रवि जाटव, मनीष वर्मा, आनंद राठौर मानसिंह मीणा, शक्ति शर्मा, विक्रम सिरोही, राकेश वर्मा, लखनलाल, ममता कुशवाहा, निशा कुशल, वंदना गहरवार, माया परमार, रेखा साहू, ममता मेहरोलिया, रेखा सोलंकी, रजिया सोलंकी, रमेश कुशवाहा, शैलेश कुमार, उषा वर्मा, कविता वर्मा, ममता वर्मा, कुलदीप मोरी, सोनेंद्र कोली, प्रदीप राजपूत, ओमसिंह ठाकुर, बृजेंद्र सिंह चौहान, आनंद लाल, विनोद कुमार, सुरपाल सिंह मालवीय, ओमप्रकाश सिरोंठिया, सहित अन्य शिक्षक गण उपस्थित रहे।


**जाहिर सूचना**

**भूमि स्थित ग्राम नयापुरा सोडरपुर प.ह.नं.-49, तहसील-गौहरगंज जिला-रायसेन (म.प्र.) के संबंध में**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता श्री वाहिद आत्मज श्री शेख सलीम आयु वयस्क निवासी ग्राम चोपडा तहसील-गौहरगंज जिला-रायसेन (म.प्र.) के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि जो कि ग्राम-नयापुरा सोडरपुर, पटवारी हल्का नम्बर-49, तहसील-गौहरगंज जिला-रायसेन (म.प्र.) में स्थित है जिसका खसरा क्रमांक 2/4, रकबा 0.809 हेक्टेयर भूमि है, कुल किता-01 रकबा 0.809 हैक्टेयर अर्थात 2.00 एकड भूमि को मेरे पक्षकार ने कय करने का अनुबंध कर टोकन राशि का भुगतान कर दिया है जिसके विक्रय पत्र का पंजीयन (रजिस्ट्री) होना शेष है, यदि किसी भी व्यक्ति, व्यक्तियों, संस्था, सोसायटी, फर्म, बैंक, हितवद्ध व्यक्ति इत्यादि को उक्त भूमि विक्रय किये जाने में किसी भी प्रकार की आपत्ति हो या उक्त भूमि कही अन्यत्र, रहन, विक्रय अनुबंधित, बंधक हो तो वह मेरे कार्यालय में 07 दिवस के अन्दर मय दस्तावेज सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा मेरे पक्षकार समयावधि पूर्ण होने के उपरांत उक्त भूमि की रजिस्ट्री अपने पक्ष में करा लेंगे समयावधि के बाद कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा शून्य मानी जावेगी।

**शुभम साहू ,एडवोकेट**

**कार्यालय-राधा कृष्ण मंदिर के पास वार्ड नम्बर-04, मण्डीदीप साहू ब्रदर्स लॉ चेम्बर तहसील-गौहरगंज जिला- रायसेन (म.प्र.) मोबाईल नम्बर-7566415414,**

523